# वार्षिक रिपोर्ट राष्ट्रीय सेवा योजना

## सत्र 2023–24

एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी
प्रो0 सपना सिंह
प्रो0 शालिनी चौधरी
डॉ0 अंजू सिंह पटेल

राष्ट्रीय सेवा योजना खेल और युवा मंत्रालय के तहत एक भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इकाई है । ''नोट मी बट यू'' एन एस एस का नारा है, इसका मुख्य उद्देश्य निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना है। इसके द्वारा युवाओं में मानवीय एवं सामाजिक जुड़ाव की भावना उत्पन्न की जाती है। श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में सत्र 2022–23 से राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाई कार्य कर रही है, जबकि इसके पहले राष्ट्रीय सेवा योजना की दो ही इकाई थीं। सत्र 2022–23 से प्रोफेसर सपना सिंह प्रोफेसर शालिनी चौधरी और डॉक्टर अंजू सिंह पटेल तीन इकाई एक साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का उत्तरदायित्व बहुत ही कर्मठता, ईमानदारी से कर रही हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाइयों में 300 छात्राएं पंजीकृत हैं ।राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा छात्राओं में आत्मविश्वास के साथ राष्ट्रीय एकता, अखंडता, समानता, प्रेम और सामाजिक सद्भाव एवं शांति की भावना स्थापित की जाती है। इसके द्वारा स्वयं सेविकाओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ने का अवसर मिलता है और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने से छात्रों का सर्वांगीण विकास भी हो जाता है। परिणाम स्वरुप छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय में 04 एक दिवसीय शिविर, 01 विशेष शिविर का आयोजन किया

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh

गया। सड़क परिवहन विभाग द्वारा एक जिला स्तर एक मंडल स्तरीय कार्यक्रम किया गया। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार क्रियान्वित विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया ।सत्र 2023-24 में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाई द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ । जिसकी वार्षिक रिपोर्ट क्रमवार इस प्रकार है-

1. दिनांक 17 जुलाई 2023 से 31 जुलाई 2023 तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत 19 जुलाई 2023 राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वयं सेविकाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने की शपथ तथा महाविद्यालय में तीन रोड सेफ्टी क्लब बनाये गये जिसमें 75 छात्राओं का चयन किया गया।

2. सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की श्रृंखला के अन्तर्गत 20 जुलाई 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वयं सेविकाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई और स्वयं सेविकाओं ने रामघाट रोड़ पर आने जाने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया।

3. दिनांक 22 जुलाई 2023 को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर के क्रीड़ा स्थल पर पौधारोपण किया गया। एन0एस0एस0 की स्वयं सेकिाओं को लगाये गये पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई।

4. सड़क सुरक्षा पखवाला की श्रृंखला में दिनांक 27 जुलाई 2023 को एन0एस0एस0 द्वारा कुलदीप लवानिया फाउंडेशन के सहयोग से छात्राओं के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मि0 शहजाद एवं नीरज टी0एस0आई0 (ट्रैफ्रिक सर्विस इंचार्ज), कुलदीप लवानिया फाउंडर, लवानिया फांउडेशन तेज प्रकाश शर्मा ने स्वयं

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh

सेविकाओं को यातायात के प्रतीक चिन्हों तथा प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। तथा सही जवाब देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

5. दिनांक 31 जुलाई 2023 को श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में जिला मलखान सिंह अस्पताल के सहयोग से एन0एस0एस0 द्वारा एक दिवसीय शिविर में टी0वी0 उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत टी0वी0 रोग पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का निर्णय प्राचार्या एवं जिला मलखान सिंह अस्पताल से आई टीम के द्वारा किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में –

प्रथम – मोना – (बी0ए0 षष्ठम सेमेस्टर)

द्वितीय – शालिनी – (बी0ए0 षष्ठम सेमेस्टर)

तृतीय – अलीशा – (बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर)

प्रोत्साहन – नेहा फातिमा, पद्माक्षी, खुशबू सागर रहीं।

6. दिनांक 31 जुलाई 2023 को महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ तथा सड़क सुरक्षा विषय पर व्याख्यान निबंध, प्रतियोगिता और रैली का आयोजन हुआ। जिसमें 297 स्वयं सेकिाओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं में

प्रथम – नेहा फातिमा (बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर)

द्वितीय – पद्माक्षी (बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर)

तृतीय – शालिनी, मोना (बी0ए0 षष्ठम सेमेस्टर)

प्रोत्साहन – स्नेहा बैरागी, खुशबू सागर, अलीशा

कार्यक्रम का संचालन एन0एस0एस0 की तीनों कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा हुआ।

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,

7. मेरी मारी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत एन0एस0एस0 द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2023 को विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रातः 8:00 बजे 200 स्वयं सेविकाओं ने प्रभात फेरी में भाग लिया।

इसी समय नगर निगम के सहयोग से 100 स्वयंसेकिाओं ने तिरंगा रैली में भाग लिया।

8. दिनांक 11.08.2024 को एन0एस0एस0 द्वारा मेरी माटी मेरी देश के अन्तर्गत स्वयं सेविकाओं को पंच प्राण की शपथ दिलाई गयी तथा हैबिटेष्ट सेन्टर में एक व्यक्ति एक पुस्तक दान का आयोजन हुआ जिसमें विविधता में एकता से सम्बन्धित अनेक कार्यक्रम हए।

10. दिनांक 14 अगस्त 2023 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आई क्यू एसी और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मनाया गया।

11. दिनांक 15 अगस्त 2023 को 77 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एन0एस0एस0 की छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई और एन0एस0एस0 की स्वयं सेविकाओं ने देश को स्वतंत्र कराने वाले क्रान्तिवीरों के रूप में रोल प्ले किया। अलीसा – झाँसी की रानी, पद्माक्षी – सरदार भगत सिंह, रितिका – भारत माता, काजल – भीमराव अम्बेडकर, नेहा फातिमा – राजस्थानी, कनिष्का अग्रवाल – सुभाष चन्द बोस की भूमिका निभाई।

12. दिनांक 19 अगस्त 2023 को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत एन0एस0एस0 की स्वयं सेविकाओं ने प्रभात फेरी की।

13. दिनांक 24 अगस्त 2023 को जिला मलखान सिंह चिकित्सालय में टी0बी0 क्षय रोग उन्मूलन का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शाम 4:00 बजे हुआ।

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh

14. दिनांक 29.08.2023 को एन0एस0एस0 इकाई द्वारा स्वीप योजना के अनतर्गत ई0एल0सी0 इलैक्ट्रोल लिटरेसी क्लब के गठन हेतु कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें 200 छात्राओं ने भाग लिया।

15. दिनांक 12 सितम्बर 2023 को मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में आयोजित जनपद स्तरीय रेड रिबिन रील्स। ड्रॉमा कम्पटीशन में 10 स्वयं सेविकाओं ने एड्स से बचाव से सम्बन्धित नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें अलीसा अनीस, नेहा फातिमा, पद्माक्षी, अनामिका, मुस्कान, प्रियंका, पूनम, दीक्षा, यशोदा, कनिष्का ग्रवाल, डौली, खुशबू ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये।

16. दिनांक 29.09.2023 को द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 296 स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में श्रमदान करके स्वच्छ परिसर बनाने में योगदान दिया।

17. दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को तृतीय एक दिवसीय शिविर में प्रातः 10:00 बजे महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान की शपथ ग्रहण की और एन0एस0एस की 298 स्वयं सेविकाओं ने परिसर की सफाई करके श्रमदान किया।

18. दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को लाल बहादुर शास्त्री और गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत समस्त प्रवक्तागण और स्वयं सेविकाओं को शपथ ग्रहण कराई गई। तथा इसी क्रम में महिला अलबेली क्लब अध्यक्ष श्रीमती सरिता माहेश्वरी सचिव मोन के सहयोग से वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर एन0एस0एस0 की 120 स्वयंसेविकाओं ने नीम, जाबुन, पाकड़ आदि के पौधे लगाये।

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh

20. दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को मेरी मारी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं को पाँच प्राण की शपथ और अमृतकलश यात्रा एवं वृक्षारोपण किया गया।

21. दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को गांधी आई हॉस्पिटल तक नारी शक्ति मिशन पर रैली और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

22. दिनांक 23 नवम्बर 2023 को सड़क सुरक्षा 'जागरूकता के अन्तर्गत आत्मरक्षा हेतु सड़क के नियमों का पालन विषय पर भाषण, क्विज निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का निर्णय प्रो. शालिनी चौधरी, प्रो० सपना सिंह के द्वारा किया गया।

प्रथम – नेहा फातिमा (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

द्वितीय – पूनम कुमारी (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

तृतीय – पद्माक्षी रहीं (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

इस क्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें

प्रथम – अलिशा अनीस (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

द्वितीय – वंशिका (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

तृतीय – अंजली बघेल रहीं। (बी०ए० द्वितीय सेमेस्टर)

इसके बाद निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका निर्णय डॉ० अंजू सिंह पटेल द्वारा किया गया जिसमें

प्रथम – डौली (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

द्वितीय – अनामिका मिश्रा (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh

तृतीय – किरण ठाकुर रही। (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर) और इसी के साथ पोस्टर प्रतियोगिता का आयोज किया गया जिसमें

प्रथम – लवली यादव (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

द्वितीय – मोनिका कुमारी (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

तृतीय – मुस्कान रही। (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर)

23. दिनांक 1 दिसम्बर 2023 को विश्व एड्स दिवस जागरूकता अभियान रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ जिसमें नेहा फातिमा, डौली, पूनम, कनिष्का अग्रवाल, प्रियंका, दीक्षा, कीर्ति आदि ने एड्स जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये।

24. दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को सड़क परवहन विभाग द्वारा जनपद स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस अवसर पर निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, रंगोली, भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले के अलग–अलग महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की। भाषण प्रतियोगिता में श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय की छात्रा कमलेश कश्यप (बी०एड० विभाग) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

25. दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के के निर्णायक की भूमिका में सुश्री प्रियंका दीक्षित और डॉ. रीता गुप्ता रही। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान (बी०ए० प्रथम सेमेस्टर) द्वितीय स्थान शिवानी शर्मा (बी०कॉम० पंचम सेमेस्टर), तृतीय स्थान मोहिनी बी०ए० तृतीय सेमेस्टर का रहा।

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh

26. दिनांक 29 दिसम्बर 2023 को सड़क परिवहन विभाग द्वारा मंडल स्तरीय पोस्टर, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसका विषय – ''सड़क सुरक्षा एक आन्दोलन : युवाओं की भूमिका'' रहा। इस प्रतियोगिता में जिला स्तर पर विभिन्न महाविद्यालयों के प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाली छात्र – छात्राओं ने ही भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय की छात्रा कमलेश कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

27. दिनांक 12 जनवरी 2024 को विवेकानन्द के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 27 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2024 कार्यक्रम नासिक (महाराष्ट) के उद्घाटन समारोह की लाइव स्क्रीमिंग एन0एस0एस0 की स्वयं सेविकाओं को दिखाई गई।

28. दिनांक 24 जनवरी 2024 को एन0एस0एस0 की स्वयं सेविकाओं को मतदाता जागरुता की शपथ दिलाई गई।

29. दिनांक 24 जनवरी 2024 को एन0एस0एस0 की स्वयं सेविकाओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

30. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 25 जनवरी 2024 को एन0एस0एस0 की स्वयं सेविकाओं ने अहिल्यावाई होल्कर स्टेडियम रामघाट रोड़ अलीगढ़ में प्रतिभाग किया।

31. दिनांक 1 मार्च 2024 को चतुर्थ एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान में वोटर कार्ड बनाने हेतु कैंप का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की जो छात्रायें 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी थी उनके वोटर कार्ड बनवाने में सहयोग किया। इस कैंम्प कुल 299 स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया।

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh

32. दिनांक 14 मार्च से 20 मार्च 2024 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन उत्सव गार्डन रामघाट रोड़ में किया गया। इसमें तालसपुर कलां गांव को एन0एस0एस0 द्वारा गोद लिया गया।

33. दिनांक 14 मार्च 2024 को विशेष शिविर के पहले दिन मतदाता जागरूकता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम स्थान रिया पाल (बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान मुस्कान (बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर), तृतीय स्थान, कनिष्का अग्रवाल (बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर) रहीं और प्रोत्साहन में नंदनी (बी0एस-सी0 द्वितीय सेमेस्टर), खुशबू सागर (बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रो0 मंजू लता ने योग का प्रशिक्षण दिया। दूसरे सत्र में मलखान सिंह हॉस्पिटल के नईम अहमद और डेविड कुमार साही ने टी0वी0, एच0आई0वी0 के लक्षण निवारण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

दिनांक 15 मार्च 2024 को मतदाता जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम स्थान – दिव्यांशी वार्ष्णेय (बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान – ललितेश (बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर) तृतीय स्थान रिया पाल (बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया दूसरे सत्र में तालसपुर कलां गांव में स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता के अन्तर्गत स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान किया।

दिनांक 16 मार्च 2024 को सहज मार्ग ध्यान संस्था अलीगढ़ से आये प्रीसेप्टर शिप्रा, वीना पाठक, मीरा सारस्वत, रिषी चौहान, ने व्यस्त जीवन शैली की परेशानियों को दूर करने के उपाय को ध्यान के माध्यम से करके सीखाया। उसी क्रम में तालसपुर कलां गांव प्राथमिक विद्यालय में मतदाता रैली का आयोजन किया गया। दूसरे सत्र में डॉ. अक्षय कुमार

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh

ने श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ के एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अक्षय कुमार ने मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में स्वयं सेविकाओं को जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसका निर्णय डॉ.अक्षय कुमार के द्वारा किया गया जिसमें प्रथम स्थान – निधि जादौन, द्वितीय स्थान – शलिनी, तृतीय स्थान – मुस्कान बैरागी ने प्राप्त किया।

दिनांक 17 मार्च 2024 को मनमस्तिष्क को ध्यान के माध्यम से स्वच्छ बनाने के उपायों की जानकारी दी गई। इसके बाद दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें प्रथम स्थान अंजली, द्वितीय स्थान साक्षी सिंह, तृतीय स्थान कीर्ति ने प्राप्त किया। दूसरे सत्र में प्रो0 नेहा अग्रवाल दंत चिकित्सक के द्वारा दांत की बीमारियों पर व्याख्यान और डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान – मुस्कान बैरागी (बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान – कीर्ति कुमारी (बी0ए0 षष्ठम सेमेस्टर), तृतीय स्थान – रोशनी (बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर) एवं राजबाला (बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया।

दिनांक 18 मार्च 2024 को स्वयं सेविकाओं को चित्रकला विभाग की प्रो0 हेमलता अग्रवाल द्वारा एन0ई0पी0 में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। दूसरे सत्र में मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक, तथा ध्यान का अभ्यास कराया गया।

दिनांक 19 मार्च, 2024 को शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ. रीता गुप्ता द्वारा आत्म रक्षा के प्रशिक्षण की जानकारी दी गयी। इसके बाद सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई दूसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीण लोगों को यातायात के नियमों प्रति जागरूक किया।

दिनांक 20 मार्च 2024 को विशेष शिविर के समापन समारोह पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसी क्रम में वेस्ट मैटेरियल प्रतियोगिता आयोजित हुई

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh

जिसमें प्रथम स्थान – शालिनी (बी०ए० षष्ठम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान – मेघा वार्ष्णेय (बी०ए० षष्ठम सेमेस्टर), तृतीय स्थान – नेहा फातिमा (बी०ए० चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो० शर्मिला शर्मा मुख्य अतिथि प्रो० अरशद हुसैन समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय और डॉ० रशीद कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय रहे विशेष शिविर में तीन यूनिट की 150 स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। सभी को प्रमाण पत्र और विजयी छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गये।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सत्र 2023-24 की सभी गतिविधियाँ एन०एस०एस० की तीनों इकाई प्रो० सपना सिंह, प्रो० शालिनी चौधरी और डॉ० अन्जू सिंह पटेल के निर्देशन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कर्मचारी सावित्री और सत्य प्रकाश का विशेष सहयोग रहा।

Principal
Sri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya,
Aligarh